M/S Mitsubishi Heavy Industries Ltd., Tokyo, two documents were signed and exchanged between the parties *viz.* (i) a contract for the revision of the Project Report and (ii) a Memorandum on the Heads of Agreement for technical collaboration upto the stage of shipyard construction. The Revised Project Report is expected to be received shortly. It is not possible at this stage to indicate the schedule of construction as it will be finalised on the basis of the revised project report.

**Development of Roads During the 4th Plan**

1325. SHRI J. M. BISWAS :
SHRI BHOGENDRA JHA :
SHRI ISHAQ SAMBHALI :
SHRI SARJOO PANDEY :
SHRI LATAFAT ALI KHAN :

Will the Minister of TRANSPORT AND SHIPPING be pleased to state :

(a) whether the Fourth Plan proposals for the development of roads have been finalised ;

(b) if so, the total outlay proposed ; and

(c) the main factors of the proposals ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI IQBAL SINGH) : (a) No, Sir. The Fourth Plan, including the programmes for roads, have still to be finalised.

(b) and (c). Do not arise.

**राज्यों में माध्यमिक स्कूलों में अध्यापकों के वेतनक्रम**

1326. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**
**श्री सूरज भान :**
**श्री बृज भूषण लाल :**
**श्री रणजीत सिंह :**
**श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री राम गोपाल शालवाले :**
**श्री अटल बिहारी वाजपेयी:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सभा-पटल पर एक ऐसा विवरण रखा जायगा जिसमें विभिन्न राज्यों के माध्यमिक स्कूलों के अध्यापकों के वेतनक्रम दिये गये हों;

(ख) क्या यह सच है कि अनेक राज्यों में ये वेतनक्रम अन्य राज्यों के वेतनक्रम की तुलना में बहुत कम हैं; और

(ग) यदि हां, तो स्थिति में सुधार करने के लिए क्या आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क) विभिन्न राज्यों के माध्यमिक स्कूलों में प्रशिक्षित स्नातक और स्नातकोत्तर अध्यापकों के वेतनमानों का उपलब्ध विवरण सभा पटल पर रखा गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या** LT 163/69]

(ख) अध्यापकों के वेतनमान अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हैं।

(ग) इस विषय में आवश्यक कदम उठाना मुख्यत: राज्य-सरकारों का उत्तरदायित्व है।

**शिक्षा मंत्रालय में कार्य कर रहे कर्मचारी**

1327. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में ऐसे अवर सचिवों अनुभाग अधिकारियों तथा उनके समकक्ष अधिकारियों की संख्या कितनी है, जो गत तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही डिवीजन अथवा ब्यूरो में काम करते रहे हैं;

(ख) क्या स्वस्थ परम्परा तथा कुशल प्रशासन के हित में इन अधिकारियों को, जो

एक ही डिवीजन में तीन वर्ष से अधिक समय पूरा कर चुके हैं, अन्य डिवीजनों अथवा ब्यूरो में तबादला करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो यह कब तक किया जायेगा ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अनुभाग अधिकारी | — | 25 |
| (ii) | अवर सचिव | — | 15 |
| (iii) | सहायक शिक्षा सलाहकार (जी) | — | 3 |
| (iv) | शिक्षा अधिकारी | — | 4 |

(ख) कार्यकुशलता के हित में तबादला करने की आवश्यकता अभी पदा नहीं हुई है ।

(ग) कुशल प्रशासन के हित में जैसे ही तबादले आवश्यक होंगे कर दिये जायेंगे ।

### केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

1328. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**श्री बलराज मधोक :**
**कुमारी कमला कुमारी :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुँचते हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस निदेशालय को सौंपा गया काम बहुत धीरे-धीरे किया जाता है;

(ग) क्या यह भी सच है कि अधिकारियों ने इस बारे में कोई सुनियोजित योजना नहीं अपनाई है; और

(घ) यदि उपरोक्त भागों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो इन अनियमियताओं के बारे में क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क) से (ग). जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

### वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग में मुख्या वैज्ञानिक अधिकारी

1329. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग में इस समय मुख्य वैज्ञानिक अधिकारियों के कितने पद हैं और इन में से कितने पद नियमों तथा विनियमों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा भरे गये हैं ; और

(ख) जो पद संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा न भर कर सीधे भरे गये उन के बारे में ऐसा करने के क्या कारण हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) और (ख). वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग में, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी का कोई पद नहीं है । किन्तु प्रिंसिपल वैज्ञानिक अधिकारी के पांच पद हैं, जिसमें से चार पर संघ लोक सेवा आयोग के जरिए सीधी नियुक्तियां की गई हैं । पांचवे पद पर नियुक्ति, भरती के नियमों के अनुसार है, किन्तु अस्थायी आधार पर तबादले के जरिए की गई है और इसके संदर्भ को संघ लोक सेवा आयोग को भेजा गया है ।

### उर्दू समाचार पत्रों द्वारा भारत विरोधी प्रचार

1330. **श्री रणजीत सिंह :**
**श्री बृज भूषण लाल :**
**श्री सूरज भान :**